Printed Pages – 4

I-53

B.A. (Part-II) Examination, 2020

HINDI LITERATURE

Paper - I

(अर्वाचीन काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

Q. 1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3=21

(क) जब तक अविद्या का अंधेरा हम मिटायेंगे नहीं,
जब तक समुज्ज्वल ज्ञान का आलोक पायेंगे नहीं,
तब तक भटकना व्यर्थ है सुख-सिद्धि के संधान में,
पाये बिना पथ पहुँच सकता कौन इष्ट स्थान में।।

(ख) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर;
कलुष-भेद तम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे।
वर दे, वीणावादिनी वर दे!

P.T.O.

(ग) भारत माता

ग्राम वासिनी !
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा फैला है आँचल
गंगा-यमुना में आँसू जल
मिट्टी की प्रतिमा
उदासिनी !

(घ) कागों का सुन कर्त्तव्य राग,
कोकिल काकलि को भूल भूल।
सुरपुर ठुकरा, आराध्य कहे
तो चल रौरव के कूल कूल।
भूखण्ड बिछा, आकाश ओढ़,
नयनोदक ले मोदक प्रहार।
ब्रह्माण्ड हथेली पर उछाल,
अपने जीवन धन को निहार।

(ङ) हे महाबुद्ध!
मैं मंदिर में आयी हूँ
रीते हाथः
फूल मैं ला न सकी।
औरों का संग्रह

तेरे योग्य न होता।
और जो मुझे सुनाती
जीवन के विह्वल सुख-क्षण का गीत
खोलती रूप-जगत के द्वार, जहाँ
तेरी करुणा
बुनती रहती है।

Q. 2. सिद्ध कीजिए कि मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय भावना के कवि हैं। **12**

अथवा

निराला के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Q. 3. कवि पंत प्रकृति के कुशल चितेरे हैं। इस कथन की विवेचना कीजिए। **12**

अथवा

प्रयोगवादी कवि के रूप में अज्ञेय का स्थान निर्धारित कीजिए।

Q. 4. किन्हीं तीन लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(i) हरिऔध का संक्षेप में जीवन परिचय लिखिए।

(ii) सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य में राष्ट्रीय भावना।

(iii) श्रीकान्त वर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(iv) राष्ट्रीय काव्यधारा की विशेषताएँ।

(v) प्रयोग की सामान्य प्रवृत्तियाँ।

Q. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(i) मैथिलीशरण गुप्त किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(ii) 'साकेत' किसकी रचना है ?

(iii) 'संध्या सुंदरी' कविता किस काव्यधारा से प्रभावित है ?

(iv) निराला किस युग के कवि हैं ?

(v) हिंदी के किस कवि को वर्ड्सवर्थ कहा जाता है ?

(vi) नई कविता का शलाका-पुरुष किसे माना जाता है ?

(vii) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है ?

(viii) दूसरा तारसप्तक कब प्रकाशित हुआ ?

(ix) शोषक एवं शोषित किस वाद का विषय है ?

(x) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन किसने किया ?

(xi) छायावाद के सूत्रधार किसे माना जाता है ?

(xii) सरस्वती पत्रिका के संपादक का नाम बताइए।

(xiii) 'दूर्वाचल' किसकी रचना है ?

(xiv) हरिवंश राय बच्चन किस वाद के कवि हैं ?

(xv) निराला रचित 'शोकगीत' का नाम लिखिए।

(xvi) 'भारतमाता' कहाँ निवास करती है ?

(xvii) महाप्राण किस कवि को कहा जाता है ?